तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 संगठन को नए सिरे से सक्रिय करना हमारी जिम्मेदारी : राठौर



## खबर संक्षेप

### विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की बैठक कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी (2026–29) की प्रथम बैठक 18 अप्रैल की दोपहर 3 बजे यूनियन के दर्री (कोरबा पश्चिम) स्थित कार्यालय भवन श्रमिक सदन में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेशभर से सैकड़ों विद्युत कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में प्रांतीय एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी के साथ-साथ उत्पादन इकाइयों कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम एवं मड़वा (जांजगीर) से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की मेजबानी कोरबा सर्किल टीम द्वारा की जा रही है। यह जानकारी देते हुए यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने बताया कि बैठक के प्रथम सत्र में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी।

### ऋषिता ने हासिल किया 97 प्रतिशत अंक



**कोरबा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल एनटीपीसी कोरबा की छात्रा ऋषिता सिन्हा ने सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरान्वित किया है। ऋषिता बालको के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विकेक सिन्हा एवं बालको हॉस्पिटल में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता प्रसाद की सुपुत्री है।

### बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग हेतु अपील

**कोरबा।** 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व आ रहा है। इस पर्व पर बडे पैमाने पर कतिपय क्षेत्रों में बाल विवाह की घटनाऐं देखने में आती है। इन घटनाओं की समय पर रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप रोक लगाया जाता है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा के साथ ही साथ कानूनन अपराध है। 18 वर्ष के पूर्व लड़की तथा 21 वर्ष के पूर्व लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुतायत से जनजाति व विशेष पिछडी जनजाति पण्डों, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा आदि निवास करते है। इन जनजातियों में शिक्षा का स्तर बहुत कम है। शिक्षा के अभाव में बाल विवाह के दुष्परिणाम यथा कुपोषण, कम वजन के शिशु पैदा होने, महिलाओं में एनिमिया आदि की शिकार होने की संभावना होती है। बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु प्रत्येक ग्रामों में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति गठित है, जिसके सरपंच अध्यक्ष तथा ग्राम सचिव (सदस्य सचिव), आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानिन व अन्य गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि आदि सदस्य है। उक्त समिति के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों द्वारा रामनवमी तथा अक्षय तृतीया या अन्य अवसरों पर होने वाले बाल विवाह को प्रभावी तरीके से समय पर रोकथाम व बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सकता है।

### निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 हेतु भर्ती प्रक्रिया चालू है जिसके लिये आवेदन ऑनलाईन पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 10 अप्रेल निर्धारित किया गया था। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरबा जिला से कुल 563 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया। जो अभ्यार्थी थल सेना अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन कर चुके हैं। लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जून 2026 तक पंजीकुत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन अभ्यर्थियों को छ.ग. रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा।

# महिला थाना की जल्द मिलेगी सौगात, अपराध नियंत्रण में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में महिला संबंधी अपराध को लेकर अब सीधे महिला थाने में अपराध दर्ज होंगे और महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सकेगा। इसके लिए जिले में महिला थाना की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। इसके लिए शासन ने मंजूरी दे दी है। एक दो दिन में ही इसका विधिवत शुभारंभ भी हो जाएगा। निश्चित तौर पर महिला थाना खुल जाने से महिला संबंधी अपराधों की जांच में तेजी आएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दशक से महिला सेल के माध्यम से महिला संबंधी मामलों का समझाईश देकर और कौंसिल के माध्यम से निपटारा होता था। लंबे समय से जिले में महिला थाना खोले जाने की मांग उठ रही थी। इस पर शासन ने बजट में मंजूरी व गजट

## महिला सेल को ही थाने में किया जा रहा तब्दील

**खास बातें**

- भवन के रंग रोगन का कार्य हुआ तेज
- एक दो दिनों में हो सकता है शुभारंभ




### महिला अधिकारी होंगी तैनात

महिला थाना खुलने से महिला संबंधी अपराध से पीड़ित महिलाओं को दीगर थानों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी और न ही पुरूष पुलिस कर्मियों के सामने बयान दर्ज कराना होगा। महिला थाना में प्रभारी से लेकर पूरा स्टाफ महिला होने से पीड़ित महिलाएं बिना किसी समस्या के अपनी आप बीती सुना सकेंगी। और सभी मामलों का जल्दी से जल्दी निदान भी हो सकेगा। खास तौर पर घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और अन्य अपराधों से निपटने में मदद मिलेगी।

नोटिफिकेशन के बाद अब तक महिला थाना का इंतजार खत्म होने वाला है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की पहल पर सिविल लाइन स्थित महिला सेल के पुराने भवन को ही महिला थाना बनाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस कप्तान के निर्देश पर महिला सेल के पुराने भवन में इन दिनों साफ-सफाई और रंगरोगन का काम तेजी से चल रहा है। पुलिस के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि महिला थाने की सौगात एक दिन में जिले को मिल जाएगी। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन संभवतः थाने का शुभारंभ कर सकते हैं। फिलहाल अभी महिला थाना भवन को जल्द से जल्द अपडेट किया जा रहा है।

### पहले वर्ष में प्रबंधन प्रशिक्षु फिर दूसरे वर्ष में अधिकारी के रुप में किया जाएगा नामित

# कोयला अधिकारियों की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में किया गया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया ने अधिकारी संवर्ग की भर्ती, पदोन्नति और वेतन संरचना में

**खास बात**

- चिकित्सा संवर्ग के पदनामों में भी किया गया बदलाव, अब ई-2 ग्रेड के अधिकारी होंगे वरिष्ठ अधिकारी

महत्वपूर्ण बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार प्रवेश स्तर के ग्रेड में संशोधन किया गया है। पहले वर्ष में प्रशिक्षु अधिकारियों को 'प्रबंधन प्रशिक्षु' कहा जायेगा, जबकि दूसरे वर्ष से उन्हें 'अधिकारी' के रूप में नामित किया जायेगा।

अधिकारी संवर्ग की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में हुए बदलाव के बाद चिकित्सा को छोड़ अन्य सभी संवर्गों में अब ई-1 ग्रेड पर नियुक्ति होगी, जिसका वेतनमान 60 हजार से 1 लाख 80 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में



फाइल फोटो

जीडीएमओ और विशेषज्ञों की नियुक्ति ई-2 और ई-3 ग्रेड में होगी, जिनका वेतनमान 70 हजार से 2 लाख 20 हजार रुपये तक रहेगा। वहीं गैर-चिकित्सा संवर्ग के पदनामों में भी बदलाव किया गया है। ई-2 ग्रेड में कार्यरत अधिकारियों को 'वरिष्ठ अधिकारी' का पदनाम दिया जायेगा। पदोन्नति के लिए न्यूनतम सेवा अवधि भी तय की गई है। ई-1 से ई-2 ग्रेड में पदोन्नति के लिए अधिकारियों को कम से कम 3 वर्ष की सेवा पूरी करनी होगी, जिसमें प्रशिक्षण अवधि भी शामिल होगी। वहीं ई-2 से ई-3 में पदोन्नति के लिए भी तीन वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी। कोल इंडिया ने कैडर स्कीम में भी परिवर्तन किये हैं। माइनिंग संवर्ग में अब पदोन्नति के लिए सेकेंड क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है, जो ओपनकास्ट और अंडरग्राउंड दोनों खदानों के लिए मान्य होगा। यह नियम पहले इ-3 से इ-4 पदोन्नति पर लागू था, जिसे अब इ-2 से इ-3 पर लागू किया गया है। चिकित्सा संवर्ग में इ-3 और इ-4 में प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यता को क्रमशः इ-2 और इ-3 के लिए मान्य किया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि जहां तक अलग से कोई प्रावधान नहीं किया गया है, वहां इ-1 स्तर की न्यूनतम योग्यता उच्च ग्रेडों पर भी लागू होगी।

### वेतन वृद्धि को लेकर भी दिशा निर्देश जारी

वेतन वृद्धि को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। पहली वेतन वृद्धि एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद अगले माह की पहली तारीख से लागू होगी। इसके बाद हर वर्ष एक अप्रैल को वार्षिक वेतन वृद्धि की जायेगी। कोल इंडिया ने स्पष्ट किया है कि ये सभी प्रावधान भविष्य में जारी होने वाले भर्ती विज्ञापनों पर ही लागू होंगे। 23 मार्च के बाद अधिसूचित भर्तियों पर प्रभावी रहेंगे।

# पाक्सो के मामले में फरार प्रधान पाठक ने अधिवक्ता भवन से लगाई छलांग


स्वास्थ्य लाभ लेता प्रधान पाठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के एक पुराने मामले में फरार चल रहे निलंबित प्रधान पाठक न्यायालय पहुंचा था। जहां न जाने ऐसा क्या हुआ कि वह अधिवक्ता भवन के

**खास बात**

- मेडिकल हास्पिटल में चल रहा है इलाज, बयान के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

ऊपर से छलांग लगा दिया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जख्मी प्रधान पाठक को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि घटना कैसे औ किन परिस्थिति में हुई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। न ही उसका बयान दर्ज हो पाया है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम घरीपखना में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ संदीप अग्रवाल के खिलाफ स्कूली छात्राओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। जहां छात्राओं की रिपोर्ट पर कटघोरा पुलिस ने अपराध क्रमांक 62/2024 प्रधान पाठक संदीप अग्रवाल के खिलाफ छेड़छाड़ एवं पाक्सो का मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद से संदीप अग्रवाल फरार चल रहा था। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई थी। जिसके खिलाफ कई बार न्यायालय से वारंट भी जारी हुआ था। सूत्र बताते हैं कि संदीप अग्रवाल गुरुवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे न्यायलय पंहुचा हुआ था। जहां अधिवक्ता भवन के ऊपर जाकर वह वहां से छलांग लगा दिया। घटना के होते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय अधिवक्ताओं ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे एक ऑटो से मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। घटना के बाद पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक संदीप अग्रवाल ने अभी अपना बयान दर्ज नहीं कराया है। उसने किन कारणों के चलते ऐसी घटना को अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। संदीप अग्रवाल ने छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की है या फिर उसका पैर फिसला है यह भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। बयान दर्ज होने के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

### चल रही है जांच

पाक्सो के मामले में फरार चल रहे प्रधान पाठक अधिवक्ता भवन के उपर से गिर कर घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। हालांकि उसने अपना बयान दर्ज नहीं कराया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**-प्रतीक चतुर्वेदी,** नगर पुलिस अधीक्षक

# दो दिन के भीतर पुलिस ने 48 वारंटियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा वारंटियों के धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जहां दो दिनों के भीतर पुलिस ने कुल 48 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही हुई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सघन अभियान चलाकर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। इसके पालन में पुलिस टीमों का गठन कर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई एवं तकनीकी सहायता से आरोपियों की तलाश की गई। विशेष अभियान के तहत 7 स्थायी वारंट की तामिली, 41 गिरफ्तारी वारंट की तामिली ु ल 48 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा (जेल) भेजा गया। इसके अतिरिक्त, जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कोरबा पुलिस के द्वारा दो दिवस के भीतर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 24 शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर चालानी कार्यवाही की गई।



पुलिस गिरफ्तर में फरार चल रहे वारंटी।

# खदान के पास तंबू लगाकर आंदोलन पर डटे भूविस्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की गेवरा परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम नराईबोध के विस्थापितों और ग्रामीणों ने अपनी

**खास बात**

- नराईबोध के विस्थापितों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

लंबित मांगों को लेकर खदान के समीप पंडाल लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दो दिन पूर्व भठोरा फेस का काम बाधित करने के बाद ग्रामीणों ने पूर्व घोषित रणनीति के तहत आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है।

ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निराकरण नहीं होता, आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विस्थापन के बदले मानक सुविधाओं के साथ बसाहट और भू-अर्जन का संपूर्ण मुआवजा तत्काल प्रदान किया जाए। प्रभावित परिवारों के सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्थाई रोजगार और पीएनसी कंपनी में वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था की जाए। ग्राम में जीपीएस के माध्यम से जो नापी की गई है उसका सही और पारदर्शी मूल्यांकन कर मुआवजे का त्वरित निराकरण किया जाए। पार्षद अनिला राकेश पटेल ने कहा कि सालों तक अपनी जमीन विकास के नाम पर दी है लेकिन बदले में उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला है। अब उन्हें कागजी वादे नहीं जमीन पर अधिकार चाहिए। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, खदान के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन जारी रहेगा। पंडाल लगाकर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन की हीलाहवाली के कारण ग्रामीण अपने ही हक के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।



आंदोलन में शामिल भूविस्थापित

### डीएसपीएम संयंत्र ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक 91 प्रतिशत पीएलएफ किया हासिल

# राष्ट्रीय स्तर पर डीएसपीएम संयंत्र को मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वाधिक पीएलएफ हासिल करने वाले ताप विद्युत संयंत्रों को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाता है। इस श्रेणी में डीएसपीएम ताप विद्युत संयंत्र ने अपने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पीएलएफ (91 प्रतिशत) अर्जित कर और पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 3800 मिलियन यूनिट से ज्यादा बिजली बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर डीएसपीएम प्रबंधन द्वारा संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल के स्वागत के लिए 13 अप्रैल को डीएसपीएम कैंटीन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारियों, श्रमिक संघों, ठेका श्रमिकों को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रमिक संघों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्य अभियंता संजीव कंसल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फेडरेशन 01 की ओर से प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता को पुष्प गुच्छ भेंटकर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। फेडरेशन 01 की ओर से प्रांतीय जोनल सचिव घनश्याम साहू ने अपने स्वागत उद्बोधन में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय मुख्य अभियंता संजीव कंसल के अनुभव और उनके मार्गदर्शन में अधिकारी, कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास को बताया और इस उपलब्धि को आने वाले समय में भी सतत बरकरार रखने की बात कही। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों को उत्पादन आधार पर दिए जाने वाले इंसेंटिव और 1 अप्रैल से प्रभावशील नए श्रम कानून के अंतर्गत अतिरिक्त कार्य के एवज में कर्मचारियों को दी जाने वाली ओवर टाइम को भी चालू किए जाने डीएसपीएम प्रबंधन की ओर से प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया। जिस पर मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने इंसेंटिव और ओवर टाइम चालू किए जाने विषय पर उच्च स्तर पर प्रबंधन को प्रस्ताव भेजने की बात कही। इस स्वागत समारोह में फेडरेशन की ओर से प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, प्रांतीय जोनल सचिव घनश्याम साहू, डीएसपीएम शाखा उपाध्यक्ष होमन देशमुख, महामंत्री कार्यालय सचिव बलजीत कंवर, हरीश ठाकुर, रिंकी राठौर, नेहा शर्मा, रजनी मरावी, महिपाल कैवर्त्य उपस्थित रहे।


उपलब्धि पर अधिकारी के साथ खुशी साझा करते कर्मचारी।

### मुख्यमंत्री ने किया धानखरीदी केन्द्र का लोकार्पण

**कोरबा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समित चैतमा पं. क्रं. 3050 के अंतर्गत पंचायत नानबांका से कपोत तक लगभग 15 ग्राम पंचायत के कृषक धान खरीदी केंद्र चैतमा में धान बेचने एवं खाद बीज लेने आते थे। जिससे उन्हें परेशानी होती थी। जिसे देखते हुए जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोडकी में नवीन धान खरीदी केंद्र का लोकालर्पण किया गया। धान खरीदी केंद्र के साथ साथ आदिम जाति सेवा सहकारी समित डोडकी पंजीयन क्रं 386 नई समिति पंजीयन किया गया। जिसमें आस पास के सात ग्राम पंचायत एवं आश्रित गांव को डोडकी समिति में सम्मलित किये गये हैं। अब उस क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज एवं कृषि ऋण के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा।


BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
2001 25th 2025
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### सतनामी स्वाभिमान सम्मान शताब्दी समारोह सम्पन्न

**कोरबा।** अखिल भारतीय सतनामी महासभा द्वारा आयोजित सतनामी स्वाभिमान सम्मान शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन गुरु घासीदास बाबा के सातवें रावटी स्थल दहलापोढ़ी में सम्पन्न हुआ। यह शताब्दी यात्रा 19 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर विभिन्न जिलों जांजगीर-चांपा, शक्ति, डभरा, बालोद होते हुए पताड़ीधाम मेला के पश्चात अपने निर्धारित स्थल पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनंदिनी गुरु दीदी प्रियंका (सुपुत्री जगत गुरु गोसाई विजय कुमार) उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजमहंत जे.पी. कोशले ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए राजमहंतों एवं जिला महंतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ गुरु घासीदास बाबा की पूजा-अर्चना, आरती एवं पारंपरिक मंगल पंथी नृत्य के साथ हुआ। कार्यक्रम में आयोजन समिति के प्रमुख तेरस राम मिर्धा सहित प्रदेश के 12 जिलों से आए राजमहंतों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजमहंत जे.पी. कोशले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों तथा परंपरागत रीतिनीति पर विस्तृत प्रकाश डाला और समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय सतनामी महासभा के संस्थापक जगत गुरु गोसाई अगमदास, रतिराम मालगुजार, राजमहंत अंजोरदास कोशले, नैन्दास महिलांग, अंजोर दास पाटले, रनसाय कोसरिया तथा जगतूराम सोनवानी के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। विभिन्न जिलों से उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधियों में बिलासपुर से राजमहंत दशेराम खांडे, राजेश्वर भार्गव, राजनारायण निराला; महासमुंद से राजमहंत प्यारेलाल कोसरिया, महंत छबिलाल रातरे; बलौदाबाजार से सी.आर. टंडन; शक्ति से सुंदर साय बंजारे, गंगाराम लहरें, गछराम; कोरबा से जे.पी. कोशले एवं रामचंद्र पाटले, सारंगढ़-बिलाईगढ़ से पी.के. ग्रीतलहरे रायपुर से संत सारंग एवं टीकम सतनामी जांजगीर से हृदय प्रकाश अनंत, धर्म खांडे, हरिप्रसाद खरे, जीवनलाल रत्नाकर, अमृतलाल अनंत, लखनलाल गिरितलहरे, कन्हैयालाल टंडन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### डोडकी में नवीन धान खरीदी केंद्र का सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण



**चैतमा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समित चैतमा के अंतर्गत पंचायत नानबांका से कपोट तक लगभग 15 ग्राम पचायत के कृषक धान खरीदी केंद्र चैतमा में धान बेचने एवं खाद बीज लेने आते थे जिससे परेशानी होता था, परेशानी को देखते जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोडकी में नवीन धान खरीदी केंद्र का लोकार्पण किया गया। धान खरीदी केंद्र के साथ साथ आदिम जाति सेवा सहकारी समित डोडकी नई समिति पंजीयन किया गया। जिसमें आसपास के 7 ग्राम पंचायत एवं आश्रित गांव को डोडकी समिति में सम्मलित किये गये हैं। अब उस क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज एवं कृषि ऋण के लिए दूर जाना नहीं पडेगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं आस पास कृषक उपस्थित हुये। आदिम जाति सेवा सहकारी समित चैतमा के प्रभारी प्रबंधक कमल दूबे द्वारा अभार प्रदर्शन किया गया।

### एसईसीएल के अफसरों का किया गया तबादला

**कोरबा।** एसईसीएल द्वारा खनन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ जीएम स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिसमें गेवरा और दीपका क्षेत्र भी प्रमुख रूप से शामिल हैं। जारी सूची के मुताबिक दीपका, गेवरा, चिरमिरी, बैकुंठपुर और सोहागपुर क्षेत्रों में पदस्थ अधिकारियों का परस्पर स्थानांतरण किया गया है। गेवरा क्षेत्र में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिससे खदान व्यवस्था और कार्य संचालन में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। आदेश के अनुसार एसके मिश्रा को दीपका क्षेत्र से गेवरा क्षेत्र में एजीएम के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं धीरज कुमार चौधरी को गेवरा क्षेत्र में जीएम (ऑपरेशन) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा नागेंद्र कुमार साहू को गेवरा से दीपका ओसी में स्थानांतरित किया गया है। दीपका क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए अशोक कुमार को चिरमिरी से दीपका एजीएम बनाया गया है, जबकि नरेश प्रसाद को दीपका से बैकुंठपुर भेजा गया है। प्रबंधन का मानना है कि इस प्रशासनिक फेरबदल से कार्य प्रणाली में गति आएगी और उत्पादन एवं प्रबंधन दोनों स्तरों पर बेहतर समन्वय स्थापित होगा। यह तबादला सूची खनन क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, वहीं गेवरा-दीपका क्षेत्र में कार्यप्रणाली पर इसका सीधा असर देखने को मिल सकता है।

## बैठक में शामिल हुए कार्यकर्ता

# संगठन को नए सिरे से सक्रिय करना हमारी जिम्मेदारी : राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ब्लाक के संगठन प्रभारी आनंद पालीवाल एवं रवि सिंह चंदेल ने मंडल कमेटी, वार्ड एवं बूथ कमेटी बनाने के लिए संगठनात्मक बैठक लिया। बालको में आयोजित बैठक में वार्ड क्र. 38 से वार्ड क्र.47 तक के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष ए डी जोशी, मण्डल अध्यक्ष देवीदयाल सोनी एवं बुद्धेश्वर चौहान के अगुवाई में हुआ। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने ब्लाक एवं मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन देते हुए पार्टी को मजबूती देने के लिए प्रेरित किया। श्री राठौर ने कहा संगठन को नए सिरे से सक्रिय करना हम सबकी जिम्मेदारी है। नवनियुक्त ब्लॉक एवं मण्डल अध्यक्षों में अधिकांश चेहरे युवा हैं।



बैठक में शामिल पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकी।

इससे पार्टी में नई ऊर्जा, जोशिला नेतृत्व सामने आया है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में इसे लेकर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष ए डी जोशी ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी में सगठन के मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किया। श्री जोशी ने कहा कि आज हमें कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेसी विचारधारा के ऐसे लोगों को आगे लाना है जो हर परिस्थिति में कांग्रेस संगठन के साथ रहे हैं। बालको ब्लॉक कमेटी के प्रभारी आनंद पालीवाल ने मंडल अध्यक्षद्वय को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी ऐसे बनाएं जिससे कांग्रेस संगठन के विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं का मान - सम्मान एवं स्वाभिमान में कमी न आने पाए। ब्लॉक प्रभारी पार्षद रवि चंदेल ने मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के गठन हेतु दिशा - निर्देश देते हुए सुझाव आमंत्रित किया और आने वाले समय में एकजूट होकर कांग्रेस को जन - जन की आवाज बनाने को आव्हान किया। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति विभाग के महिला अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, पार्षद बद्री किरण, जिला उपाध्यक्ष पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, आई टी सेल विभाग के लोकसभा अध्यक्ष पीयुष पांडेय, ब्लॉक उपाध्यक्ष आर के नामदेव, ब्लॉक सचिव दाताराम आदित्य, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शशिलता पांडेय, ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारी प्रेरणा कैवर्त, काजल चौहान, साबिदा खान, जगन्नाथ थवाईत, रेशम दास मानिकपुरी, मुख्तार अली, बाबुलाल दिवान, परमेश्वर श्रीवास, मोहित दास, निसरत बानो,संजीव शर्मा, दुर्गा सिंह, सुधा गुप्ता, मुन्ना खान, मोहम्मद यासिन आदि सहित बालको क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 99 प्रतिशत





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में ग्राम मड़वारानी में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आसपास के पूरे क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिजनो एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं से मयंक यादव ने 80.4 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्रा रौनक जहान ने 79.4 प्रतिशत से द्वितीय स्थान व छात्र भविष्य सिंह राठौर ने 75.8 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में नया किर्तीमान रचते हुये क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोमा सोनी ने बताया कि इस सत्र कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 19 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें से 18 छात्र उत्तीर्ण हुये इस प्रकार 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। 10वीं के छात्रों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस पर विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल ने सभी छात्रों को शुभकामना देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य सभी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करना है ताकि एक बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सभी बच्चे समाज को एक नयी धारा से जोड़ते हुये राष्ट्र विकास में अपना योगदान दे। उन्होंने बच्चो की इस सफलता के पीछे उनके अभिभावको एवं शिक्षको के परिश्रम की सराहना करते हुये बधाई दी।

# बालको ने किया सेफ्टी पार्क का उद्घाटन, लोगों तक पहुंचाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने अपने परिसर में एक सेफ्टी पार्क का उद्घाटन किया। यह पहल कंपनी की मजबूत सेफ्टी फर्स्ट संस्कृति को उत्कृष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सेफ्टी पार्क में इंटरैक्टिव मॉडल, प्रैक्टिकल मॉड्यूल और विजुअल डिस्प्ले लगाए गए हैं, जिनसे कर्मचारी आसानी से सुरक्षित कार्य प्रक्रियाओं को समझ सकें।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि कंपनी में में सुरक्षा हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है जो हमारे हर कार्य को दिशा देता है। निरंतर सहभागिता और जागरूकता के माध्यम से हम ऐसी मजबूत संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं, जहाँ हर व्यक्ति सुरक्षा की जिम्मेदारी समझे और उसका पालन करे। राष्ट्रीय सुरक्षा माह जैसे प्रयास व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करते हैं तथा बालको एवं इसके आसपास के पूरे क्षेत्र को सुरक्षित और जिम्मेदार वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। इस वर्ष के सेफ्टी मंथ की थीम सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करें, शिक्षित करें और



कर्मचारी का सम्मान करती अधिकारी।

सशक्त बनाएं के तहत 5 हजार से अधिक कर्मचारियों, बिजनेस पार्टनर, समुदाय के लोगों और छात्रों को इस अभियान से जोड़ा गया। सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके अलावा, सांप एवं सीढ़ी और हैजर्ड हंट जैसे गेम्स के माध्यम से भी सुरक्षा संदेश को आसान तरीके से समझाया गया। अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और टीमों को बेस्ट सेफ्टी परफॉर्मर और फैमिली कनेक्ट विद सेफ्टी चैंपियन जैसे सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। अभियान के दौरान वॉयस ऑफ सेफ्टी और रियल लाइफ हीरो स्टोरीज जैसे प्लेटफॉर्म भी बनाए गए, जहां कर्मचारियों और बिजनेस पार्टनर ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। बेस्ट सेफ्टी जोन एग्जीबिशन और हेल्थ चेक-अप कैंप्स ने भी लोगों को सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए बालको को 2026 में ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल का इंटरनेशनल सेफ्टी अवार्ड और ग्रो केयर इंडिया द्वारा फायर एंड सेफ्टी में प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ये उपलब्धियां बालको की उत्कृष्ट सेफ्टी संस्कृति को दर्शाती हैं।

### नेशनल रग्बी टीम में जिले के 6 खिलाड़ियों का चयन

**कोरबा।** सीनियर नेशनल रग्बी 73वीं चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल की टीम बिहार रवाना हो गई है। प्रदेश की टीम में कोरबा जिले से 6 खिलाड़ी चयनित हुए हैं। रग्बी इंडिया व बिहार रग्बी संगठन द्वारा सीनियर नेशनल रग्बी 73वीं महिला व पुरुष चैंपियनशिप 2026 का आयोजन स्पोर्ट्स कांपलेक्स राजगीर (बिहार) में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। सीनियर नेशनल रग्बी चैंपियंस स्पर्धा में इसमें छत्तीसगढ़ की टीम में जिले से कुल 6 बिलासपुर से चार, रायपुर से दो खिलाड़ी चयनित हुए हैं। टीम में शामिल जिले की 6 महिला खिलाडि़यों हेमा प्रजापति, रुकमणी पटेल, सावित्री मरावी, सानिया यादव, साक्षी श्रीवास, पूर्णिमा नायक और मोनिका को नगर पंचायत नया बस स्टैंड पाली में सामाजिक कार्यकर्ता स्वप्निल मिश्रा, कोच ओम प्रकाश यादव ने शुभकामनाएं और बधाई देते हुए रायपुर के लिए रवाना किया। जो रायपुर में प्रदेश की रग्बी टीम में अन्य खिलाडि़यों के साथ शामिल होकर कुच बिहार एक्सप्रेस से राजगीर बिहार के लिए रवाना हुए हैं।

# डीएव्ही स्कूल गेवरा का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 15 अप्रैल को घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल, गेवरा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। विद्यालय के सभी 101 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को दर्शाता है।

विद्यालय के 101 विद्यार्थियों में से 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पार्थ सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शेखर वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया तथा प्रतीक्षा बरेठ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर जगह बनाई। परिणाम की विशेष उपलब्धि यह रही कि संस्कृत विषय में 5 विद्यार्थियों, गणित एवं कंप्यूटर साइंस में 2-2 विद्यार्थियों तथा सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनकी मेहनत, अनुशासन और मार्गदर्शन का परिणाम बताया। क्षेत्रीय निदेशक प्रशांत कुमार एवं मैनेजर सी.एम. पांडेय ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। छात्र अपना स्कोर बढ़ाने के लिए दूसरे राउंड के परीक्षा में सम्मिलित होकर विशाखा चुनाव कर सकते हैं डीएव्ही स्कूल के प्राचार्य टी.पी. राव ने कहा कि 100 प्रतिशत परिणाम हमारे लिए गर्व का विषय है। यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा परिणाम ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। जिन विद्यार्थियों को अपने अंकों में सुधार करना है, वे दूसरे राउंड की परीक्षा में सम्मिलित होकर किसी भी तीन विषयों में पुनः परीक्षा देकर अपने परिणाम में सुधार कर सकते हैं।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने मनाई बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष एवं वार्ड क्र. 33 के पार्षद नारायण कुर्रे के नेतृत्व में भारतीय सविंधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ.भीमराव राम अंबेडकर के 135वीं जयंती के अवसर पर ओपन थियेटर घंटाघर के पास स्थापित डॉ.भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ.साहब के प्रतिमा पर पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर जय भीम के नारे के साथ उन्हें नमन किया गया। अंबेडकर जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि बाबा साहब जगत भर में महान व्यक्तित्व के धनी है। सविंधान की रचना कर भारत में स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मुल्यों से भारत के नवनिर्माण की नींव को मजबूती प्रदान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्र होते ही पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री का पद संभाला था। उन्होने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरी शक्ति से जीवन भर सामाजिक उत्थान व विकास के लिए कार्य करते रहे।

# अंबेडकर जयंती में शामिल हुए कटघोरा विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अंबेडकर चौक में डां भीमराव अम्बेडकर की जयंती भव्य रूप से मनाया गया। संविधान निर्माता के जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने सभी को भाईचारा एवं सामानता से रहने का संदेश देते हुए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। साथ ही संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती के अवसर पर हरदीबाजार में संयुक्त आयोजन




जयंती कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

समिति के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 40 लोगों ने स्वेच्छा पूर्व रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट तिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती सनिता टंडन, सरपंच लोकेश्वर कंवर, सपूरन कुलदीप, सुरेंद्र राठौर, सुरजीत सोनी, एल जगत, सुधीर कंवर, अनसुईया राठौर संयुक्त आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल टंडन, शत्रुहन ओगरे, अजय यादव, मोहित राम पाटले, रमेश जांगड़े, बसंत चौहान एवं समाज व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जोरहाडबरी व कोरबी में मनाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती




कार्यक्रम में शामिल विस नेता प्रतिपक्ष व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले सतनाम प्रेरणा स्थल ग्राम पंचायत जोरहाडबरी में मिनीमाता का प्रतिमा अनावरण एवं कोरबी में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण बड़े धूमधाम से किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम डॉ बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात मिनीमाता के प्रतिमा का अनावरण किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि मिनीमाता की जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि मेरे परिवार पर उनका अमूल्य योगदान रहा है। साथ सभी एकजुट होकर हर समाज का कार्यक्रम एक साथ होकर मना रहे हैं। बाबा अंबेडकर के दिए हुए संदेश का हम सभी अनुशरण कर रहे हैं। वहीं सांसद ने कहा कि हर समाज एकजुट होकर बाबा के दिए हुए हर संदेश को घर घर जाकर बताये ताकि लोगों को उनकी इस देश प्रति एवं महिलाओं के लिए दिये अमुल्य योगदान से परिचित हो उन्होंने कहा बाबा ने एक कलम से पुरी इतिहास लिख दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरिश परसाईं, प्रदेश सचिव तनवीर अहमद, जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, सूरज महंत, महामंत्री गोपाल यादव, इस्तियाक खान, प्रभा तंवर, संतोषी पाटले, विकास सिंह, गुलशन जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष हरदीबाजार कौशल श्रीवास, कोरबी चन्द्रहास राठौर, हरदीबाजार रामशरण कंवर, कमलेश कुर्रे, भुवन गहिलवारे, सरपंच बुडगन नवल किशोर सिंह, सरपंच जोरहाडबरी चन्द्रलेखा सिंह मरकाम, कोरबी सरपंच विजय धनुहार, सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च सेन्टर
नि:शुल्क कोचिंग (नर्सिंग महाविद्यालय) नि:शुल्क कोचिंग
बी.एस.सी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा
की नि:शुल्क कोचिंग
B.Sc. Nursing
Entrance Exam (PNT)
नि:शुल्क कोचिंग के लिए महाविद्यालय में तत्काल संपर्क करें
नि:शुल्क कोचिंग के लिए कक्षा प्रारंभ - 01/05/2026 से
(बी.एस.सी नर्सिंग में प्रवेश की जानकारी हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें)

सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च सेन्टर
रजगामार रोड, जिला जेल के पास, रिस्दी कोरबा (छ.ग.)
8770584310, 7771000277, 9039887526

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### श्रीकृष्ण ने ब्रजवासी को कहा अपना प्राण :पं.दयानंद कृष्ण

हरदीबाजार। ग्राम रलिया में राठौर परिवार में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महापुराण श्रवण करने कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल पहुंचे। भागवताचार्य पंडित दयानंद कृष्ण महाराज वृंदावन श्रीधाम शिक्षा विद भलपहरी वाले के मुखारविंद से कथा का रसपान कर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उपस्थित जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत तिवारी, मण्डल अध्यक्ष दिनेश राठौर, मन्नु राठौर उपस्थित रहे। पं दयानंद कृष्ण महराज ने कथा के छठवें दिन रास महारास प्रसंग भगवान का मथुरा जाना, कंस का वध, उद्धव प्रसंग, रुक्मिणी मंगल की कथा सुनाई, कथा में महाराज ने बताया भगवान के तीन मुख्य सखा थे उद्धव,अर्जुन और सुदामा सारे ब्रजवासियों को भगवान ने अपना सखा नहीं अपितु प्राण कहां है। भागवताचार्य दयानंद कृष्णा महाराज ने गंगा रूपी अमृतमय कथा का रसपान श्रद्धालुओं को श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य के मृत्यु को भी महोत्सव में बदल देता है एवं पूरे परिवार को धन्य बनाकर मोक्ष की प्राप्ति कराता है कथा केवल सुनने वाले का कल्याण नहीं अपितु जिस स्थान में हो जिस गांव में हो समस्त ग्रामवासी के लिए भी कल्याणकारी होती है।

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कुणाल दुदावत द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न शाखाओं के संपादन हेतु नोडल-सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति एवं सहयोगी कर्मचारियों की भी नियुक्ति कर दायित्व सौंपे है। जारी आदेश के अनुसार नगरीय क्षेत्र एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन के संपूर्ण वैधानिक दायित्वों का निर्वहन/पर्यवेक्षण एवं जानकारियों का प्रेषण, प्रभारी अधिकारियों से समन्वय (चेक लिस्ट अनुसार), आवक जावक, फैक्स पत्रों का आदान-प्रदान, नस्ती संधारण, निर्वाचन की अधिसूचना, स्टेण्डिंग कमेटी/राजनैतिक दलों अभ्यर्थियों/मीडिया की निर्धारित बैठकों का आयोजन, समस्त प्रकार की निविदाएं, शिकायत सेल-प्राप्त शिकायत से संबंधित समस्त कार्यवाही एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुक्रम में इसशाखा से संबंधित समस्त कार्य एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्यों हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग मो.नं. 9479263731 को नोडल अधिकारी एवं श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मो.नं. 9424229869 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# निष्ठा के साथ कार्य संपादित कराते हुए त्रुटिरहित जनगणना कार्य सुनिश्चित कराएं प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनगणना कार्य में संलग्न समस्त प्रगणकों को निर्देशित करते हुये कहा है कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, अतः हमारा दायित्व है कि हम जनगणना से जुडे.सभी कार्यो को पूरी तत्परता व निष्ठा के साथ संपादित करायें। उन्होने प्रगणकों से कहा कि जनगणना कार्य के संबंध में दिये जा रहे प्रशिक्षण को पूर्ण रूप से आत्मसात करें, कार्य की बारीकियों पर ध्यान दें, पूरी कार्यकुशलता व निष्ठा के साथ कार्य संपादित करते हुये त्रुटि रहित जनगणना का कार्य सुनिश्चित करायें।

उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर कुणाल दुदावत ने डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण 2027 के प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रगणकों को दिये। उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 के परिप्रेक्ष्य में नगरीय निकाय कोरबा क्षेत्र के प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को एन.सी.डी.सी. कोरबा में कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विद्यालय में पहुंचकर दिये जा रहे प्रशिक्षण कार्य का सघन निरीक्षण किया, इस मौके पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरूभेले, जिला जनगणना अधिकारी ओंकार यादव भी साथ में थे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनगणना कार्य के संबंध में दिये जा रहे प्रशिक्षण का सूक्ष्म रूप से अवलोकन किया तथा मास्टर ट्रेनर व प्रशिक्षणार्थी प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुये त्रुटि रहित जनगणना कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## जनगणना प्रशिक्षण कार्य का किया सघन निरीक्षण



### 24 अप्रैल तक चलेगा प्रशिक्षण

नगर निगम के जनगणना सहायक नोडल अधिकारी पवन वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कोरबा नगरीय क्षेत्र के प्रगणकों व सुपरवाईजरों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 13 अप्रैल तक संचालित किया गया, वहीं द्वितीय चरण में 15 से 17 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा, इसी प्रकार तृतीय चरण में 18 से 20 अप्रैल तक तथा चतुर्थ चरण में 22 से 24 अप्रैल तक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## झाबू राखड़ बांध के फूटने के बाद हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी समाहित करने का मामला

# अधीक्षण अभियंता के तबादले के बाद सहायक अभियंता निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह के झाबू स्थित राखड़ बांध के फूटने के बाद राखड़युक्त पानी को हसदेव नदी में समाहित करने व प्रदूषण फैलाने के मामले में एक और बिजली अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की गाज गिरी है। अधीक्षण अभियंता पितांबर नेताम के तबादले के बाद अब सहायक अभियंता विक्रांत तंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो इस मामले में दोषी कुछ अन्य अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार के खिलाफ भी कार्यवाही की गाज गिर सकती है।

**खास बात**

- एचटीपीसी संयंत्र के सिविल विभाग में पदस्थ अधिकारियों पर गिरी कार्यवाही की गाज

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 13 अप्रैल के अंक में 'हसदेव नदी में राखड़ विस्थापन पड़ा महंगा एचटीपीपी पर लगा 18 करोड़ का जुर्माना' नामक शीर्षक के साथ इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिसके बाद 14 अप्रेल को इस मामले में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के सिविल विभाग में पदस्थ अधीक्षण अभियंता पीतांबर नेताम का तबादला रायपुर कर दिया गया था। दरअसल संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध में अधिक मात्रा में राखड़ का विस्थापन करने से बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद राखड़युक्त पानी को हसदेव नदी में समाहित कर दिया गया था। इस मामले को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गंभीरता से लेते हुए हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी डाले जाने पर नाराजगी जताते हुए संयंत्र के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी। दरअसल हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम प्रबंधन द्वारा झाबू स्थित राखड़ बांध भरने की वजह से तटबंध से राखड़युक्त पानी का बहाव होने लगा। कंपनी प्रबंधन द्वारा हालात को संभालने की बजाए जानकारी छिपाने की कोशिश की गई और राखड़युक्त पानी को हसदेव नदी में समाहित किया जाने लगा। हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी के समाहित होने से


एचटीपीपी संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध से किया जा रहा था राखड़युक्त पानी का विस्थापन
हसदेव नदी में राखड़ विस्थापन पड़ा महंगा एचटीपीपी पर लगा 18 करोड़ का जुर्माना


हसदेव ताप विद्युत गृह द्वारा हसदेव नदी में राखड़युक्त पानी प्रवाहित करने का मामला
नदी में राखड़युक्त पानी बहाना पड़ा महंगा अधीक्षण अभियंता का हुआ तबादला

हरिभूमि मे प्रकाशित खबरों की कतरन।

### हर नागरिक दे सही जानकारी तभी बनेंगी बेहतर योजनाएं

**कोरबा।** देश की प्रगति और भविष्य की सटीक रूपरेखा तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण जनगणना 2027 का जिले में औपचारिक शुभारंभ हो गया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत की। उन्होंने इसे आधुनिक और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि आम नागरिक 16 से 30 अप्रैल तक नागरिक ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इस बार जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल रूप दिया गया है, जिससे यह अधिक सरल, सुलभ और समयबद्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जनगणना देश और राज्य की योजनाओं का आधार होती है। इसके जरिए प्राप्त आंकड़े सरकार को यह समझने में मदद करते हैं कि किस क्षेत्र में किस प्रकार की सुविधाओं की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सेवाओं की बेहतर योजना और क्रियान्वयन में जनगणना की अहम भूमिका होती है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल कामप्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780




